राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर

स्नातकोत्तर समाजशास्त्र परिषद

वार्षिक प्रतिवेदन (2023-24)

स्नातकोत्तर समाजशास्त्र परिषद 1995-96 से राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में सक्रिय रूप से क्रियाशील हैं। समाजशास्त्र विभाग की स्नातकोत्तर छात्राओं के शैक्षणिक उन्नयन के लिए सत्र 2023-24 में भी समाजशास्त्र विभाग की स्नातकोत्तर छात्राओं हेतु नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। छात्राओं की सक्रिय भागीदारी एवं सहभागिता के लिए उनके प्रतिनिधि के रूप में गत वर्ष में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को परिषद के निम्न पदों पर मनोनीत किया गया-

अध्यक्ष	अवनी गुप्ता	एम ए फाइनल (279/500)
उपाध्यक्ष	रानी कुशवाहा	एम ए फाइनल (262/500)
सचिव	शिल्पा जोशी	एम ए प्रीवीअस (68.2 प्रतिशत)

परिषद प्रभारी डॉ. श्रुति टंडन के निर्देशन में वर्ष पर्यंत विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्राओं में निहित प्रतिभाओं को निखारना एवं उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना था। छात्राओं में

लेखन एवं कल्पनाशीलता के विकास हेतु पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

छात्राओं की रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता को परखने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शीर्षक था "महिला स्वास्थ्य और सरकारी योजनाएं"। छात्राओं ने विषय के प्रति न सिर्फ अपनी रचनात्मकता बल्कि कल्पनाशीलता का भी बेहतर प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का परिणाम निम्न रहा–

प्रथम	हिमानी जीनगर
द्वितीय	चंचल माली
तृतीय	शिक्षा खोखर

छात्राओं के अभिव्यक्ति कौशल को परखने व उनकी समझ को निखारने के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक था "नई शिक्षा नीति 2020: युवाओं के लिए अवसर"। छात्राओं ने विषय के प्रति अपने ज्ञान को अभिव्यक्त किया। इस प्रतियोगिता का परिणाम निम्न रहा–

प्रथम	हिमानी जीनगर
द्वितीय	अरुणा कुमारी मीणा
तृतीय	हिमांशी निमावत

छात्राओं में वर्तमान युग को ध्यान में रखते हुए उनके समसामयिक विषयों पर समझ व ज्ञान को जाँचने के लिए आशुभाषण प्रतियोगिता व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं का उत्साह सराहनीय रहा। इनमे निम्न छात्राएं विजयी रही–

आशुभाषण प्रतियोगिता

प्रथम	हिमानी जीनगर
द्वितीय	हिमांशी निमावत
तृतीय	सलमा बानो

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

प्रथम	चंचल माली
द्वितीय	सलमा बानो
तृतीय	शिक्षा खोखर

छात्राओं के लिए वर्ष पर्यंत परिषद के तत्वाधान में हुई प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 07/12/2023 को रखा गया। दिनांक 07/12/2023 को डॉ. अंजू बेनीवाल, सहायक आचार्य, समाजशास्त्र विभाग, राजकीय मीरा कन्या महाविध्यालय में विस्तार व्याख्यान का भी आयोजन किया। मुख्य वक्ता प्रबुद्ध समाजशास्त्री प्रो. मधू सूदन त्रिवेदी ने समाजशास्त्र विषय के उद्भव एवं वर्तमान में इसके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए किए जाने वाले प्रयासों के बारे मे बताया। इस व्याख्यान के पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राजकीय मीरा कन्या
विस्तार

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
विस्तार व्याख्यान
समाजशास्त्र विभाग
“समाजशास्त्र का
Future of

मीरा कन्या महाविद्यालय
विस्तार व्याख्यान
विभाग

समाज शास्त्र विषय की चुनौतियों पर व्याख्यान, विशेषज्ञों ने रखे अपने विचार

समाज शास्त्र की विभिन्न अवधारणाओं को पुनः परिभाषित करने की आवश्यकता है

उदयपुर| मीरा कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को समाज शास्त्र विषय पर व्याख्यान हुआ। समाज शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम कुमावत ने विषय का भविष्य खतरे में बताते हुए इसके संरक्षण एवं महत्व के बारे में बताया।

मुख्य वक्ता प्रो. मधुसुदन त्रिवेदी ने समाज शास्त्र विषय के उद्भव एवं वर्तमान में इसके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए किए जाने वाले प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समाज शास्त्र की विभिन्न अवधारणाओं को पुनः परिभाषित करने की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ. अंजना गौतम ने सोशल मीडिया के प्रभावों, विषय के अध्ययन के प्रति गंभीरता एवं अध्ययन के दौरान सामाजिक-पारिवारिक दबावों से बचते हुए अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। समाज शास्त्रीय स्नातकोत्तर परिषद प्रभारी डॉ. श्रुति टंडन ने परिषद में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिए।

दैनिक भास्कर 08/12/2023

'समाजशास्त्र का भविष्य' पर व्याख्यान

उदयपुर . राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की ओर से एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन हुआ। आयोजन सचिव डॉ. अंजु बेनीवाल ने व्याख्यान के विषय 'समाजशास्त्र का भविष्य' पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व एवं भविष्य को विद्यार्थियों द्वारा जानने की आवश्यकता बताई। विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम कुमावत ने समाजशास्त्र के भविष्य को खतरे में बताते हुए इसके संरक्षण एवं महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो. मधुसुदन त्रिवेदी ने समाजशास्त्र विषय के उद्भव एवं वर्तमान में इसके अस्तित्व को बनाएं रखने के लिए प्रयासों पर विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. अंजना गौतम ने अध्यक्षीय उद्बोधन में सोशल मीडिया के प्रभावों, विषय के अध्ययन के प्रति गंभीरता एवं अध्ययन के दौरान सामाजिक-पारिवारिक दबावों से बचते हुए अपने उद्धेश्यों को प्राप्त करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। सदस्यों व समाजशास्त्रीय स्नातकोत्तर परिषद प्रभारी डॉ.श्रुति टंडन ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिए। इस दौरान डॉ.सुदेशना परिजा, डॉ. राजकुमार बोलिया, डॉ.ज्योति गौतम एवं छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

राजस्थान पत्रिका 08/12/2023

इस अवसर मे विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रही छात्राओं को महाविध्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजना गौतम द्वारा पुरस्कृत किया गया। परिषद की गतिविधियों को सम्पन्न कराने में समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रो. (डॉ.) श्याम सुंदर कुमावत एवं विभाग के सभी सदस्यों प्रो. (डॉ.) राजकुमार बोलिया, प्रो. (डॉ.) सुदेशना परिजा, डॉ. ज्योति गौतम एवं डॉ. अंजू बेनीवाल का वर्ष पर्यंत सहयोग प्राप्त हुआ।

परिषद प्रभारी

(डॉ. श्रुति टंडन)